रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)

PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 71] नई दिल्ली, मंगलवार, फरवरी 13, 2001/माघ 24, 1922

No. 71] NEW DELHI, TUESDAY, FEBRUARY 13, 2001/MAGHA 24, 1922

CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY GOVERNMENT OF INDIA

महानिदेशक (रक्षोपाय) का कार्यालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 15 दिसम्बर, 2000

विषय :—भारत में मेथीलीन क्लोराइड के आयात से सम्बन्धित रक्षोपाय जाँच—अंतिम निष्कर्ष।

सा.का.नि. 94(अ).—सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 और सीमा शुल्क टैरिफ (रक्षोपाय शुल्क की पहचान और निर्धारण) नियमावली, 1997 के अधीन

(क) प्रक्रिया

1. भारत में मेथीलीन क्लोराइड के आयात से सम्बन्धित रक्षोपाय जाँच शुरू करने का नोटिस 17-7-2000 को जारी किया गया था और भारत के राजपत्र असाधारण में 18-7-2000 को प्रकाशित किया गया था। नोटिस की एक प्रति सभी ज्ञात इच्छुक पक्षों को भेजी गई थी यथा :—

घरेलू उत्पादक

(1) गुजरात अल्कलीज एंड केमिकल्स लिमिटेड (जी ए सी एल), गुजरात

(2) केमप्लास्ट सन्मार लिमिटेड (सी एस एल), चेन्नई

(3) एस आर एफ लिमिटेड (एस आर एफ), नई दिल्ली

आयातक और उपभोक्ता उद्योग

(1) सी.जे. शाह एंड कम्पनी, मुम्बई

(2) हरेश कुमार एंड कम्पनी, मुम्बई

(3) रेनबैक्सी लेबोरेट्रीज लिमिटेड, नई दिल्ली

(4) ल्यूपिन लेबोरेट्रीज लिमिटेड, मुम्बई

(5) कोपरान लिमिटेड, मुम्बई

(6) डॉ. रेड्डीज लेबोरेट्रीज लिमिटेड, हैदराबाद

(7) ट्रेक्सपो ट्रेडिंग प्राइवेट लि., मुम्बई

(8) अरबिन्दो फार्मा लिमिटेड, हैदराबाद

(9) केमोक्स केमिकल्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड, भरूच, गुजरात

(10) इन्डोसोल ड्रग्स प्राइवेट लि., अंकलेश्वर, गुजरात
(11) सिरिज लि. ,हैदराबाद
(12) रैलिस, मुम्बई
(13) यूनाइटेड फास्फोरस लि. मुम्बई
(14) सिपला लिमिटेड, मुम्बई
(15) जे.के. ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल लिमिटेड, नई दिल्ली
(16) मैक्स जी.बी. लि. चंडीगढ़

निर्यातक

(1) आई.सी.आई केमिकल्स एंड पोलीमर्स लि., यू.के.
(2) सोल्वे ए.जी. बेल्जियम
(3) एक्जो नोबेल एन वी नीदरलैंड
(4) ई.एल.एफ आटोकेम, एस.ए. फ्रांस (अब एटोफिना के रूप में जाना जाता है)
(5) हेल्म, ए.जी, जर्मनी
(6) लारा उचे इंडस्ट्रीज इंटरनेशनल एल आई आई, जर्मनी
(डाक प्राधिकारियों द्वारा अवितरित वापिस)
(7) डी ओ डब्ल्यू केमिकल्स कम्पनी, यू.एस.ए
(8) आई सी सी केमिकल्स कारपोरेशन यू.एस.ए
(9) विन्मार इंटरनेशनल लि. मुम्बई

संगठन

(1) वीरबंद दर केमिसकेन इंडस्ट्रीज, वी सी एल, जर्मनी
(2) केमिकल्स सेफ्टी मैनेजमेंट सेंटर, जापान
(3) केमिकल मैन्युफैक्चरर्स एशोसियेशन यू.एस.ए
(4) यूरोपियन क्लोरिनेटिड साल्वेट एशोसियेशन, बेल्जियम

2. आवेदन पत्र और प्रश्नावली के साथ नोटिस की एक प्रति निर्यातक देशों की सरकारों यथा बेल्जियम, ब्राजील, चीन ताइपे, फ्रांस, जर्मनी, हाँगकाँग, हंगरी, इजरायल, इटली, जापान, दी नीदरलैंड, रूस, स्पेन, स्विटजरलैंड, यू.के. और यू.एस.ए को नई दिल्ली में स्थित उनके उच्चायोगों/दूतावासों के माध्यम से भेजी गई थी ।

3. सभी ज्ञात घरेलू उत्पादकों, निर्यातकों और आयातकों को उसी दिन प्रश्नावली भी भेजी गई थी जिनसे अपने जवाब 28-8-2000 तक प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था ।

4. भारत में यूरोपीय संघ/यूरोपियन आयोग के प्रतिनिधि मण्डल ने भी महानिदेशक (रक्षोपाय) से उन्हें जांच में एक इच्छुक पक्ष के रूप में समझे जाने हेतु प्रार्थना की है । उनकी प्रार्थना को एक इच्छुक पक्ष के रूप में रिकार्ड पर लिया गया और उन्हें सभी संगत दस्तावेज उपलब्ध करा दिए गए ।

मेथीलीन क्लोराइड के घरेलू उत्पादकों में से एक, एस.आर.एफ. लि., नई दिल्ली, से दिनांक 23-10-2000 का एक पत्र प्राप्त हुआ था जिसमें उन्होंने रक्षोपाय शुल्क के अधिरोपण के लिए आवेदकों का समर्थन किया है । उन्होंने कहा है कि उनके पास प्रतिवर्ष 10,000 मी.टन मेथीलीन क्लोराइड विनिर्माण की क्षमता है जिसका कि वे पूर्ण रूप से उपयोग कर घरेलू मांग को पूरा कर सकते हैं बशर्ते कि मूल्य लाभकारी हो ।

5. मै. जी ए सी एल और सी एस एल ने प्रश्नावली के प्रति अपने जवाब प्रस्तुत करने हेतु समय बढ़ाने के लिए आवेदन किया था और तदनुसार उन्हें अपने जवाब प्रस्तुत करने के लिए 3 सितम्बर, 2000 तक की अनुमति दी गई थी ।

6. दिनांक 17-7-2000 के नोटिस एवं प्रश्नावली के उत्तर में निम्नलिखित पक्षों से जवाब प्राप्त हुए:-

घरेलू उत्पादक

(1) गुजरात अल्कलीज एंड केमिकल्स लि. (जी ए सी एल) , गुजरात
(2) केमप्लास्ट सन्मार लि. (सी एस एल) चेन्नई

निर्यातकगण

(1) एटोफिना, फ्रांस
(2) हेल्म एजी, जर्मनी
(3) आई सी आई केमिकल्स पोलीमर्स लि. यू.के. (वकील के माध्यम से)
(4) सोल्वे एस ए, बेल्जियम

निर्यातक सरकारें

(1) चीन ताइपे, (ताइपे आर्थिक एवं सांस्कृतिक केन्द्र, नई दिल्ली)
(2) हंगरी गणराज्य का उच्चायोग, नई दिल्ली

आयातक और उपभोक्ता उद्योग

(1) रेनबैक्सी लेबोरेट्रीज लि., नई दिल्ली
(2) इंडोसोल ड्रग्स लि., मुम्बई

(3) अरबिन्दो फार्मा लि., हैदराबाद
(4) ल्यूपिन लेबोरेट्रीज, मुम्बई

7. जाँच के लिए आवश्यक समझी गई सूचना का सत्यापन अधिकारियों की एक टीम द्वारा किया गया और जाँच के निष्कर्ष से उन संबंधित पक्षों, जिनका दौरा किया गया था, को अवगत करा दिया गया था और जाँच रिपोर्ट की एक प्रति सार्वजनिक फाइल में रख दी गई थी ।

8. सभी इच्छुक पक्षों के लिए एक सार्वजनिक सुनवाई 3-11-2000 को आयोजित की गई थी जिसके लिए 28-9-2000 को नोटिस भेजा गया था । सार्वजनिक सुनवाई के दौरान इच्छुक पक्षों को उनके द्वारा दिए गए मौखिक तर्कों को 13-11-2000 तक लिखित में प्रस्तुत करने, अन्य पक्षों द्वारा प्रस्तुत जवाबों को 4-11-2000 तक एकत्र करने, एवं खंडन यदि कोई हो, तो उसे 27-11-2000 तक दर्ज कराने के लिए कहा गया था ।

निम्नलिखित पक्ष सार्वजनिक सुनवाई के दौरान उपस्थित थे :-

(1) गुजरात अल्कलीज एंड केमिकल्स लि., (जी ए सी एल) , गुजरात
(2) केमप्लास्ट सन्मार लि. (सी एस एल) , चेन्नई
(3) एस आर एफ लि., नई दिल्ली
(4) एटोफिना, फ्रांस
(5) आई सी आई केमिकल्स, पोलीमर्स लि., यू.के
(6) चीन ताइपे, (ताइपे आर्थिक एवं सांस्कृतिक केन्द्र, नई दिल्ली)
(7) रेनबैक्सी, लेबोरेट्रीज लि., नई दिल्ली
(8) इंडोसोल ड्रग्स लि. , मुम्बई
(9) अरबिन्दो फार्मा लि., हैदराबाद
(10) ल्यूपिन लेबोरेट्रीज लि., मुम्बई
(11) यूरोपीय आयोग, नई दिल्ली *(अपने वकील के माध्यम से प्रतिनिधित्व किया)

(ख) **घरेलू उत्पादकों के दृष्टिकोण**

(1) गुजरात अल्कलीज एंड केमिकल्स लि., गुजरात इंडस्ट्रियल इनवेस्टमेंट कार्पोरेशन के माध्यम से गुजरात सरकार द्वारा प्रोन्नत की गई एक कम्पनी है और देश में कास्टिक क्लोराइड के सबसे बड़े उत्पादक है । कास्टिक सोडा के अलावा, कम्पनी अपने बड़ौदा और भरूच (गुजरात) संयंत्रों में सोडियम साइनाइड, क्लोरोमेथानस, हाइड्रोजन पेरोक्साइड, पोटेशियम हाइड्रोक्लोराइड, पोटेशियम कार्बोनेट और फास्फोरिक एसिड का भी विनिर्माण कर रही है । कम्पनी की 705 करोड़ (1992-2000) से ऊपर की बिक्री है और उसके पास लगभग 1400 कर्मचारी नियुक्त है । कम्पनी के लेखा जोखा को महानियंत्रक लेखा परीक्षा द्वारा आडिट किया जाता है ।

(2) केमप्लास्ट सन्मार लि०, सन्मार ग्रुप आफ कम्पनी के स्वामित्व वाली कम्पनी है यह दक्षिण भारत में स्थापित सबसे बड़े समूहों में से एक है । केमप्लास्ट सन्मार लि० ने अपना कार्य मई, 1967 में तमिलनाडु में सलेम के निकट मेटूर में शुरू किया । केमप्लास्ट सन्मार लि० (सी एस एल) पी वी सी रेसिन्स, क्लोरिन, क्लोरिनेटिड साल्वेटस, रेफिजरेटर्स गैस और सिलिकोन वेफर्स का विर्निमाण करती है । कम्पनी की बिक्री लगभग 400 करौड़ प्रतिवर्ष है और उनके पास लगभग 1200 की संख्या में कर्मचारी है।

(3) मेथिलीन क्लोराइड के संबंध में उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए आयात आंकड़ों के लिए डी जी सी आई एस के आंकड़ों का आधार लिया गया है । वर्ष 1999-2000 के लिए, कांडला में किए गए आयात से संबंधित आंकड़े है जो कि 13500 मी.टन की मात्रा पर पहुंचने हेतु बहिवैशन किया गया है ।

(4) लगभग 1996-97 तक मांग और आपूर्ति प्रतिबंधो के कारण आयात एक हद तक आवश्यक हो गया था । जैसे ही सी एस एल ने मेथिलीन क्लोराइड उत्पादित करने की अपनी क्षमता को 7500 मी.टन तक बढ़ाया वैसे ही एस आर एफ ने भी वर्ष 1997-98 में मेथिलिन क्लोराइड का उत्पादन शुरू किया । ऐसी संभावना थी कि मेथीलिन क्लोराइड का आयात धीरे-धीरे कम होगा, इसके विपरीत आयात निरन्तर रूप से 1997-98 में 7390 मी.टन से 1998-99 में 9269 मी.टन तक और 9269 मी.टन से 1999-2000 में 13500 मी टन तक बढ़ा । इसी प्रकार वर्ष 1997-98 में आयात घरेलू उत्पादन का 42.25% था जो वर्ष 1998-99 में थोड़ा सा नीचे घरेलू उत्पादन का 40.96% तक गिर गया और 1999-2000 में घरेलू उत्पादन का 59.02% तक बढ़ गया । मेथिलीन क्लोराइड का आयात गत तीन वर्षो के अंदर दो गुणा हो गया है जो कि घरेलू उत्पादकों के वार्षिक उत्पादन के 60% के करीब है और इसने उत्पाद के घरेलू मूल्यों को चुनौती दी है ।

(5) मेथिलीन क्लोराइड की अंर्तराष्टीय कीमतें पिछले पांच साल के दौरान लगातार गिर रही है। गत दो वर्षो के दौरान भारत में मेथिलीन क्लोराइड की उतराई के समय की लागत 46% तक गिरी है।

(6) क्लोरोमिथेन्स का उत्पादन एक निरंतर प्रक्रिया है जिसमें कि सभी तीनों उत्पादों यथा मेथिलीन क्लोराइड, क्लोरोफार्म और कार्बन टेटाक्लोराइड का उत्पाद शामिल है । उपरोक्त वर्णित तीनों उत्पादों के लिए जी ए सी एल उत्पाद मिश्रण अनुपात क्रमशः 42:36:22 है जबकि केमप्लास्ट का 45:30:25% है । यह उनकी अपने संयंत्र प्रक्रिया की विशेषताओं के कारण है और वास्तविक उत्पादन आंकड़े इन अनुपातों से अलग है ।

(7) एक विशेष क्लोरोमिथेन्स विलायक, मेथीलीन क्लोराइड जो कि एक पेंट आवरक के रूप में प्रयुक्त होता है, के प्रयोग को नियंत्रित करने हेतु यूरोप और यू एस ए में कठोर वातावरणीय विनियम है। आक्यूपेशनल सेफ्टी एण्ड हैल्थ एडमिनिस्ट्रेशन (ओ एस एच) यू एस ए और यूरोपियन युनियन एनवायरमेंट कौंसिल द्वारा वाष्पशील आर्गेनिक यौगिक (वी ओ सी) के संबंध में मेथिलीन क्लोराइड के प्रयोग प्रतिबंधित किए गए है । इसी कारण से और अपनी बढ़ती मालसूची को कम करने के लिए यूरोपीय उत्पादक अपने उत्पादनों का रूख और उनका निर्यात सुदुर पूर्व देशो और दक्षिण -पूर्व एशिया के बाजारों में कर रहे थे । यद्यपि, पूर्वी देशों की अर्थव्यवस्था में गिरावट के कारण, इन सरप्लस उत्पादनों का रूख भारत की ओर

किया जा रहा है जो कि इन अतिरिक्त उत्पादों हेतु एक उच्च ग्रहणशील बाजार हो गया है ।

(8) भारतीय पत्तनों पर उतारे जा रहे क्लोरोमिथेन्स के मूल्यों की निरंतर गिरती प्रवृत्ति के कारण बाजार में अपने उत्पाद विक्रय कर सकने हेतु भारतीय विर्निमाताओं को तदनुसार अपने मूल्य कम करने पड़े । अपने माल भण्डार को थोड़े ही समय के लिए भी अपने माल भण्डार को रोके रखने रहने के विकल्प का आधार इस उद्योग को नहीं है क्योंकि (क) क्लोरोमिथेन्स जैसे तरल उत्पादों की शेल्फ लाइफ कम है और (ख) भारतीय सी आई एफ कीमतों और अंर्तराष्टीय कीमतों में निरंतर गिरावट है । पिछले कुछ समय में धारणीय स्तर तक मूल्यों में सुधार का कोई अवसर नही आया जिसके आधार पर कम अवधि के लिए भी माल सूची को रोक रखने का निर्णय लिया जा सके । घरेलू उत्पादकों को बाजार में बने रहने के लिए सी आई एफ मूल्यों की प्रत्येक कमी पर साथ-साथ, तत्काल आधार पर अपनी कीमतों को समानान्तर स्तर तक कम करना ही होता है । जी ए सी एल को मेथिलीन क्लोराइड के अपने माल की कीमतें अप्रैल,98 में 25968 रू० प्रति मी.टन से मार्च, 2000 में 16944 रू०/प्रति मी.टन तक घटानी पड़ी । इसी प्रकार सी एस एल को अपने माल की कीमते अप्रैल, 98 ने 26302 रू०/ प्रति मी.टन से मार्च, 2000 में 18283 रू०/प्रति मी.टन तक घटानी पड़ी जिसने उनके लाभ को गंभीर रूप में प्रभावित किया ।

(9) भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले 6/7 सालों में 100% से 35% तक की अविश्वसनीय कमी के साथ सीमा शुल्क में निरंतर कमी करके आयात को उदार बनाने हेतु अपने द्वारा खोल दिए है । इससे कम मूल्यों के साथ कम शुल्क के द्वारा यूरोप से अतिरिक्त उत्पादों के निर्यात को, प्रोत्साहन मिला है ।

(10) भारतीय विर्निमाताओं के लिए उत्पादन की लागत, उनके नियंत्रण से बाहर के कारणों से, लगातार बढ़ रही है । भत्तों और वेतनो के अलावा मिथाइल एल्कोहल, क्लोरीन और विद्युत की कीमतों में सारभूत वृद्धियाँ हुई हैं । इस परिस्थिति में, भारत और अंर्तराष्टीय स्तर पर सामान्य रसायनों के लिए बाजार परिदृश्य फीका पड़ गया है । बाद में कीमतों में निरन्तर गिरावट की प्रवृत्ति देखी गई । उदाहरणार्थ गुजरात अल्कलीज एंड केमिकल्स लि. का एक मुख्य उत्पाद अर्थात् कास्टिक सोडा का सूची मूल्य 1996-97 में 14,057 रू. की ऊँचाई से आज के 7500 रूपये की प्रभावी वसूली तक कम हो गया है । इसने कम्पनी के सम्पूर्ण लाभ के अन्तर को बुरी तरह कम कर दिया है । क्लोरोमिथेन्स, जो कि पहले एक अतिरिक्त जेनरेटर था, भी नकारात्मक हो गया है । केमप्लास्ट का अन्य मुख्य उत्पाद अर्थात् पोलीविनायल क्लोराइड के मूल्यों में 2580 रू. की उच्चता से वर्तमान समय में 1850 रू. की मूल्य गिरावट दिखाई दी। इस सम्पूर्ण परिदृश्य के अंतर्गत, क्लोरोमिथेन्स की बड़ी मात्रा का आगमन भारतीय उत्पादको के वर्तमान कार्यवाइयों के साथ तबाही मचा रहा है और उनके मध्यमार्गीय व्यवहारिकता को भी गंभीर क्षति की आशंका पैदा कर रहा है ।

(11) यूरोपीय और अमेरिकी विनिर्माताओं की ओर से निरन्तर दबाव है । यहाँ तक कि 1999 के बजट में सीमा शुल्क दरों में मात्र 5% वृद्धि की अपर्याप्त राहत दी गई । इस योक्तिकीकरण के परिणामस्वरूप यूरोप के निर्यातको ने पहले से ही कम अपनी कीमतों को 15 अमेरिकी डालर तक कम कर दिया । इस प्रकार सीमान्त योक्तिकीकरण व्यवहारिक रूप में नगण्य कर दिया । जैसा कि इस प्रवृत्ति द्वारा दर्शाया गया है, यूरोप और अमेरिका में मूल्यों में प्रबल कमी की कोई आशा नही है ।

(12) आयातित मेथीलीन क्लोराइड हर प्रकार से घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित जैसा ही है उसमें उसी प्रकार की प्रयोग विशेषता है । पिछले कुछ सालों के दौरान वे घरेलू उपभोगकर्त्ताओं को मेथीलीन क्लोराइड की आपूर्ति कर रहे है विशेषकर फार्मा और मुख्य औषधि विनिर्माताओं को, जो कि गुणवत्ता के लिए सचेत है और किसी ने भी उत्पाद की गुणवत्ता के बारे कोई गंभीर आपत्ति नहीं उठाई है ।

(13) घरेलू उत्पादकों का सापेक्ष मार्केट शेयर 1997-98 में 70% से 1999-2000 में 60% गिर गया है ।

(14) जी ए सी एल और सी एस एल अपने विद्यमान संयत्रों को सरल करने की प्रक्रिया में है और क्षमता उपयोगिता को आशाजनक बना रहे है । भारतीय क्लोरोमिथेन उपभोग उद्योग की कुल मांग घरेलू उद्योग द्वारा आसानी से पूरी की जा सकती है ।

(15) दोनों कम्पनियाँ अर्थात् जी ए सी एल और सी एस एल अपने उत्पादन और बिक्री की लागत को नीचे लाने के लिए प्रभावी कदम उठा रहे है । आक्रामक विपणन प्रणाली अपनाकर एवं विद्युत की लागत कम करने हेतु जी ए सी एल द्वारा 90 मेगावाट विद्युत संयत्र और सी एस एल द्वारा 30 मेगा-वाट के सयंत्र की स्थापना की जा रही है ।

उपरोक्त के अलावा एस आर एफ लि. नई दिल्ली ने निम्नलिखित बाते कही है :-

(1) उनके क्लोरोमिथेन्स संयत्र 1995-96 में शुरू किए गए थे और मेथीलीन क्लोराइड, क्लोरोफार्म एवं कार्बन टेट्राक्लोराइड के सहउत्पादक के लिए स्थापित किए गए थे । प्रत्येक उत्पादित उत्पाद का अधिकतम अनुपात स्थापित सयंत्र और संचालित प्राचलनों पर निर्भर करता है । प्रत्येक उत्पाद का अनुपात मार्किट अवस्थाओं पर निर्भर होकर भिन्न-2 होता है । उनके पास मेथीलीन क्लोराइड का कोई कैप्टिव उपभोग नही है और उनका सम्पूर्ण उत्पादन बिक जाता है ।

(2) भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार कार्बन टेट्राक्लोराइड का उत्पादन बंद किया जाना है । वे अपने सयंत्र के अवरोधन को दूर कर रहे है और अनुपात को बदल कर मेथीलीन क्लोराइड की ओर ले जा रहे है । इसके परिणामस्वरूप पिछले पाँच सालों में उन्होंने क्लोरोमिथेन्स की क्षमता का 10% से 55% तक मेथीलीन क्लोराइड उत्पादन का अनुपात बढ़ाया है । क्लोरोमिथेन्स क्षमता 1997-98 में 14500 मी. टन प्रतिवर्ष से 1997-98 में 18550 तक बढ़ गई थी ।

(3) पिछले तीन वर्षो में उन्होंने मेथिलीन क्लोराइड का निर्यात नहीं किया है । निरंतर आयात के कारण वे मेथिलीन क्लोराइड की 10000 मी.टन क्षमता का उपयोग नही कर सके । मेथिलीन क्लोरा-इड की उनकी भारित औसत मूल्य प्राप्ति प्रति मी.टन (टैंकर्स) में जो कि अप्रैल 98- जून 1998 में 25660 रू., जुलाई 1998 - सितम्बर 1998 में 27050 रू. थी वह अक्टूबर - दिसम्बर 1999 में 19020 रू. और आगे जनवरी - मार्च 2000 -में 17180 रू. तक घट गई ।

(ग) आयातकों/उपभोक्ता उद्योगों के दृष्टिकोण

(क) इंडोसोल ड्रग्स लि., मुम्बई
(ख) अरबिन्दो फार्मा लि., हैदराबाद
(ग) ल्यूपिन लेबोरेट्रीज लि., मुम्बई

उन्होंने मुख्यतया निम्नलिखित बातें कही है :-

(1) वे मैथीलिन क्लोराइड के बड़े प्रयोगकर्त्ता है जो कि घरेलू बाजार और विदेशों में बिक्री के लिए उनके द्वारा विनिर्मित बहुत सारी दवाइयों के लिए एक मुख्य अन्तर्वस्तु है । घरेलू रूप से इनमें से कुछ उत्पाद सामान्य और बड़ी बीमारियों के इलाज के लिए प्रयुक्त होती है । इन औषधियों की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए यह सुनिश्चित करना उनका सतत प्रयास है कि औषधियाँ सामान्य व्यक्तियों की पहुँच में है । तदनुसार इन उत्पादो का लागत प्रभावी विनिर्माण सुनिश्चित करना सार्वजनिक हित में है कि उनके उपभोक्ताओं को ये उत्पाद एक उचित लागत पर आपूर्ति किए जा सके ।

(2) भारतीय रूपये के अवमूल्यन और घरेलू कीमतों तथा अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में वृद्धि के फलस्वरूप पिछले छः मास से मेथिलीन क्लोराइड की लागत में अविश्वसनीय वृद्धि पहले ही हो चुकी है । आगे 52.57% और रक्षोपाय शुल्क का अधिरोपण उनकी लागत प्रणाली पर एक बड़ा बोझ होगा जो कि अन्ततोगत्या उनके उत्पाद के उपभोक्ताओं के लिए वर्धित लागत में फलीभूत होगा ।

(3) उनकी अपनी क्षमता से ज्यादा कार्य करने के बावजूद घरेलू उद्योग कई बार मेथिलीन क्लोराइड की उनकी मांग पूरी नही कर सके है जिससे उन्हें आयात पर निर्भर होना पड़ा है ।

(घ) रेनबैक्सी लेबोरेट्रीज लि., नई दिल्ली

(1) रक्षोपाय पर वैधानिक प्रावधानों के आधार गैट 1994 के अनुच्छेद XIX तथा रक्षोपाय पर समझौता है । अनुच्छेद XIX का पैरा-1 में किसी देश को आपातकालीन कार्रवाई करने हेतु अधिकार प्रदत्त करता है यदि कोई सदृश उत्पाद या सीधे प्रतिस्पर्धी उत्पाद का आयात उसकी सीमा में इतनी अधिक मात्रा मे हो रहा है कि वह आयात उस उत्पाद के घरेलू उत्पादकों को गंभीर क्षति पहुँचा रहा है । किसी सदस्य देश द्वारा दिए गए मूल्य में छूट को शामिल करके, बाध्यताओं के कारण और अनदेखे घटना चक्र के परिणामस्वरूप वृद्धि होनी चाहिए । रक्षोपाय नियमावली और धारा 8बी के प्रावधानों की व्याख्या करते समय रक्षोपाय पर समझौते एवं अनुच्छेद XIX को ध्यान में रखना है । इस प्रकार, धारा 8बी स्पष्ट करती है कि किसी वस्तु के आयात में कोई वृद्धि ""इतनी वर्धित मात्रा'' में होनी चाहिए, यह मूल्यांकन करना आवश्यक है कि क्या वृद्धि अनदेखे घटनाचक्र के परिणामस्वरूप और गैट समझौते के अधीन भारत द्वारा बाध्यताओं के प्रभाव के कारण हुआ है । शीर्ष संख्या 2903.12 के अधीन आने वाला मेथिलीन क्लोराइड पर पिछले पाँच वर्षो के दौरान किसी आयात बाध्यता के अधीन नही था क्योंकि मेथिलीन क्लोराइड के आयात में वृद्धि, भारत द्वारा लगाए गए बाध्यताओं के प्रभाव के कारण नही थी जिसमें कि मूल्यों में छूट भी शामिल है यह

किसी अनदेखे घटना चक्र के कारण भी नही थी क्योंकि आयात में वृद्धि मांग में वृद्धि के सीधे परिणामस्वरूप थी जो कि घरेलू उत्पादको द्वारा पूरी नही की जा सकी। उनकी शतप्रतिशत क्षमता से भी अधिक कार्य करने के बावजूद घरेलू उद्योग द्वारा मांग पूरी नही की जा सकी ।

(2) क्षेपण विरोधी अन्वेषण के विपरीत जहाँ मात्रा और आयातों की कीमत दोनों पर विचार किया जाना चाहिए वहाँ रक्षोपाय कार्यवाही जरूरी तौर पर मात्रा पर आधारित कार्यवाही है । आयातों की कीमत एक गौण विषय है । एक बार यह सुनिश्चित हो जाए कि वर्धित आयात बाजार की स्थितियों, प्रयोगकर्त्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करने की उनकी क्षमताओं की कमी के कारण घरेलू उद्योग की असमर्थता के कारण है तो घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति का प्रश्न का ही नहीं रह जाता ।

(3) घरेलू उद्योग की बिक्री के परिमाण ने गिरावट का रूख नहीं दर्शाया है । 1999-2000 में बाजार शेयर में 8% का घाटा गंभीर क्षति तो क्या थोड़ी क्षति का संकेतक भी नहीं है । वास्तव में घरेलू उद्योग को अपने शेयर में केवल इसलिए घाटा हुआ क्योंकि यह क्षमता का 100% से भी अधिक का संचालन कर रहे थे और उपभोग में वृद्धि के अविवेकी अनुपात में बढ़ोतरी नहीं कर सके न कि इसलिए कि वर्धित आयातों ने इसके बाजार शेयर को घटाया ।

(4) घरेलू उद्योग द्वारा रक्षोपाय शुल्क की माँग गलत आकलित की गई है । 1999-2000 में मैथिलीन क्लोराइड की भूमि पर उतराई की कीमत उन कीमतों पर आकलित की गई है जब वे न्यूनतम थी जो कि एक सही तरीका नहीं है । भूमि पर उतराई की कीमत निश्चित करने के लिए अप्रैल 1999 से सितम्बर, 2000 तक भारित औसत सी आई एफ कीमत को लेना होगा । उतार-चढ़ाव के इस क्रम में 2000 की शुरूआत में मैथीलिन क्लोराइड की कीमतें बहुत कम समय के लिए गिरी । उन्होंने 450 अमेरिकी डालर प्रति मी.टन की दर से मैथीलिन क्लोराइड का आयात किया और उन्होंने आयात के लिए उसी कीमत पर अथवा उच्च कीमत पर अनुबन्ध किया था । यदि रक्षोपाय शुल्क अधिरोपण एक अवांछित प्रेषण के न्यूनतम सी आई एफ आयात पर आधारित है तो यह घरेलू उद्योग को अत्यधिक लाभ पहुँचाएगा । अनुच्छेद xix के अधीन रक्षोपाय कार्यवाही केवल उस हद तक और उतने समय तक ही होनी चाहिए जिससे कि वह गंभीर क्षति को रोक दे अथवा सुधार दे । तथ्यों की दृष्टि से गंभीर क्षति है ही नही और वर्तमान में स्पष्ट विक्रय मूल्य की तुलना में भूमि पर उतराई की कीमत कहीं अधिक है इसलिए जैसा कि घरेलू उद्योग द्वारा मॉग की गई है जाँच को जारी रखने की अथवा रक्षोपाय शुल्क अधिरोपण की कोई आवश्यकता नहीं है ।

(5) रक्षोपाय शुल्क नियमावली के नियम 5(2) (बी) के अनुसार रक्षोपाय शुल्क अधिरोपण के लिए आवेदन पत्र के साथ आयात प्रतिस्पर्धा के साथ सकारात्मक योजना हेतु किए जा रहे प्रयासों या प्रस्तावित योजनाओं या दोनों के बारे में विवरण शामिल होना चाहिए । रक्षोपाय कार्रवाई में वर्धित आयात कारक होता है न कि मूल्य/वास्तव में मूल्य को "संगत" माना जाता है जैसा कि कम किए गए या आर्थिक सहायता दिए मूल्यों, जो कि गलत मूल्य माने जाते है, के विपरीत है । यदि 11,990 रू. ठीक मूल्य है और रू 23,734 रू. घरेलू उद्योग की ठीक अपेक्षा है तो इस दूरी को पूरा करने हेतु उपायों को समायोजन योजना में दिग्दर्शित किया जाना चाहिए । सीमा शुल्क के विद्यमान स्तर को ध्यान में रखते हुए 6317 रू. प्रति मी.टन की शुल्क सुरक्षा माँगी गई है । दूसरे शब्दों में, समायोजन योजना में कम से कम 6317

रू. की हद तक लागत में कमी दिखाई जानी चाहिए जबकि आवेदकों की समायोजन योजना इस राशि के चौथाई के बराबर भी नही है । वास्तव में उनके द्वारा किए जा रहे किसी भी प्रयास से लगभग 6000 रू. तक भी उनकी उत्पादन की लागत कम न हो सकेगी जो कि प्रतिस्पर्धा से मुकाबले के लिए आवश्यक है । यह एक और कारण है कि क्यों न वर्तमान रक्षोपाय जांच समाप्त कर दी जाए

घ. निर्यातकों के दृष्टिकोण

(क) एटोफिना, फ्रांस

(1) उन्होंने दो भारतीय कम्पनियों गुजरात अल्कलीज एण्ड केमिकल्स लिमिटेड(जी ए सी एल) तथा केम्प्लास्ट संमार लिमिटेड (सी एस एल) द्वारा मैथीलिन क्लोराइड के आयातों पर रक्षोपाय शुल्क अधिरोपण का विरोध किया है ।

(2) उन्होंने आयात आँकड़ों से यह देखा है कि 1999-2000 के दौरान आयातित उत्पादों के बाजार शेयर वास्तव में 1995-96 तथा 1996-97 से कम है । यह मुश्किल से भारतीय बाजार के एक लक्ष्य को चित्रित करता है तथा यह केवल आयातों का निरंतर अपने बाजार के इतिहास को बनाए रखने का प्रश्न है ।

(3) उन्होंने पाया है कि भारत में मैथीलिन क्लोराइड के उत्पादन में 1996-97 से 1999-2000 तक 47% की वृद्वि हुई है । उत्पादन में इतनी बड़ी वृद्वि ने घरेलू कीमतों के निर्धारण की स्थिति को नकारात्मक योगदान दिया है ।

(4) कॉंडला में 275 अमेरिकी डालर प्रतिटन सी आई एफ संदर्भ मूल्य ऐसा मूल्य नही है जो एटोफिना की जानकारी में हो अथवा अध्ययन की अवधि के दौरान भारत में व्यापार के लिए एटोफिना द्वारा प्रयुक्त किया गया हो । यूरोप से (स्त्रोत, आई सी आई एस- एल ओ आर रिपोर्ट 28 जुलाई, 2000) निर्यात किए गए मैथीलिन क्लोराइड के लिए वर्तमान बाजार कीमत 370-430 अमेरिकी डालर, एफ ओ बी नार्थ वेस्ट यूरोप में दी है । वर्तमान में यह 400-450 अमेरिकी डालर /टी की सी आई एफ कॉंडला की भूमि पर उतराई की लागत के बराबर होगी । इस कीमत को जब भूमि पर उतराई की लागत में परिवर्तित किया गया तो वह काफी अधिक है जिसकी भारतीय उत्पादकों ने यथोचित विक्रय मूल्य के रूप में माँग की है । उन्होंने 1999-2000 के दौरान 1727 मी.टन मैथीलिन क्लोराइड का निर्यात किया ।

(5) भारतीय उत्पादकों द्वारा आयातित माल की भूमि पर उतराई की लागत की गणना में पोर्ट का खर्चा, पोर्ट पर भारी मात्रा में भंडारण का किराया,सर्वेक्षण तथा विश्लेषणात्मक कीमतें, उत्पाद हानि अथवा आयात प्रक्रिया मे वित्तीय लागत, अथवा वितरण अथवा व्यापार करने वाली कम्पनी की लागत जहाँ इस प्रकार की कम्पनी द्वारा यह उत्पाद आयात किया जाता है , शामिल नहीं किया गया है ।

(ख) मैसर्स आई सी आई क्लोर- कैमिकल्स

(1) उनके उत्पाद की मुख्यतः औषधीय तथा सौन्दय प्रसाधन के विनिर्माण (65%) एग्रो केमिकल्स (25%), खाद्य उद्योग में निष्कर्षण मध्यवर्ती (5%) , पोल्युर्थेन फोम ब्लाउजिंग, चेपदार सूत्रीकरण,

प्लास्टिक प्रसंस्करण, मैटल डिग्रेसिंग इत्यादि के लिए आपूर्ति की जाती है । बहुत थोड़ी मात्रा पेण्ट व वार्निस साफ करने के निरूपण के लिए भी आपूर्ति की जाती है ।

(2) उन्होंने 1998-2000 के दौरान भारत में निम्न मात्रा में मैथीलिन क्लोराइड का निर्यात किया :

वर्ष	बल्क (थोक में)	ड्रम	कुल
1998	3118	1054	4172
1999	4886	1694	6580
2000	2749	831	3580

(अगस्त, 2000)

(3) घरेलू उद्योग द्वारा उनके आवेदन में दिए गए आयातों के ऑकड़े गलत है और महानिदेशक (रक्षोपाय) द्वारा वास्तविक आयात के ऑकड़े एकत्र करने के बाद वे इस आयात मात्राओं के निर्णायक पहलू पर अपना विचार प्रकट करने का अधिकार रखते है । यह आरोप कि यूरोप में घरेलू बिक्री कम हो रही है और इसलिए मैथीलिन क्लोराइड भारत में रास्ता बना रहा है, निश्चित रूप से अस्वीकार्य है ।

(4) पक्का विश्वास है कि मैथीलिन क्लोराइड के आयातों के कारण घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है और किसी प्रकार का रक्षोपाय शुल्क घरेलू उद्योग को, प्रयोगकर्ता उद्योग की लागत पर, जो कि उत्कृष्ट रूप से औषधीय और एग्रोकैमिकल क्षेत्र है, अवांछित सुरक्षा प्रदान करेगा ।

(5) आवेदकों द्वारा प्रस्तुत की गई पुनर्समायोजन योजना रक्षोपाय सुरक्षा के योग्य नहीं है। उनके द्वारा जिन समायोजना का दावा किया गया है वे पहले ही क्रियान्वित हो चुके हैं अथवा संयंत्र के रख-रखाव और संचालन में साधारण रूप से हो रहे सुधारों का भाग है । उनके द्वारा माँगी गई 6739/- रू० की सुरक्षा की तुलना में घरेलू उद्योग द्वारा समायोजन से प्राप्त कुल लाभ 1800/- रू० से 2300/-रू. होगा जो कि अपने आप में यह दिखाने के लिए एक साक्ष्य है कि समायोजन योजना, कथित क्षति की भरपाई के लिए, पूरी तरह से अपर्याप्त है ।

(6) सीमा शुल्क टैरिफ, अधिनियम की धारा 8बी के अधीन जैसा कि आवश्यक है भारत में "वर्धित " मात्रा में मैथीलिन क्लोराइड का आयात नहीं हुआ है । घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति तो क्या क्षति हुई ही नहीं है । जैसा कि उन्होंने प्रस्तुत किया है वास्तव में संयंत्र 100% से भी अधिक की क्षमता पर कार्य कर रहे है । भारत में आयातित मैथीलिन क्लोराइड की कीमतों में पिछले कुछ महीनों में तेजी से वृद्धि हुई है । कीमतें कच्चे माल की कीमत और पूरे विश्व में मांग एवं आपूर्ति के आधार पर चलती है । हाल की याददाश्त में जो अवधि कीमतों में कमी दर्शाती है वह कच्चे माल की निम्नतम कीमतों के अनुरूप है । दक्षिण पूर्व एशिया में संकट स्थिति के साथ-साथ पूरे विश्व में कीमतें कम हुई थी । ये दोंनो मुद्दे अब ठीक हैं तथा पिछले कुछ महीनों में कीमतों में बहुत तेजी से वृद्धि हुई ।

(ग) **सोलवे एस ए.बेल्जियम**

(1) भारत को उनकी मैथीलिन क्लोराइड की बिक्री से भारतीय बाजार अथवा मैथीलिन क्लोराइड के घरेलू उत्पादकों को कोई गंभीर क्षति पहुँचाने की आशंका नही है ।

(2) भारत को उनकी निर्यात की कीमतें एशिया/पैसेफिक क्षेत्र में निर्यात बाजार कीमतों के अनुरूप थी और उसी अवधि के दौरान यूरोप के घरेलू बाजार में उनकी कीमतें अधिक थी ।

(घ) **हेम ए जी, जर्मनी**

गत 4 सालों से (1996 से अगस्त, 2000 तक) उन्होंने भारत को मैथीलिन क्लोराइड का निर्यात नहीं किया है । वे इस दावे को स्वीकार नहीं करते कि कम कीमतों पर बिक्री करके भारतीय बाजार को अस्तव्यस्त करने में वे मुख्य निर्यातकों में से एक है ।

(ड.) **निर्यातक सरकारों के दृष्टिकोण**

(क) हंगरी गणराज्य का दूतावास, नई दिल्ली

हंगरी के निर्यात आँकड़ों के अनुसार ऐसा कोई प्रमाण नहीं है कि पिछले तीन सालों में भारत को मैथीलिन क्लोराइड का निर्यात किया गया ।

(ख) **ताइवान**

(1) भारत को मैथीलिन क्लोराइड का उनका निर्यात बहुत ही सीमित है । 1995 और 1996 में भारत को मैथीलिन क्लोराइड का बहुत कम निर्यात हुआ । जनवरी, 1997 से मई, 2000 तक मैथीलिन क्लोराइड का कोई निर्यात नहीं हुआ ।

(2) रक्षोपाय उपायों को लागू करने के संबंध में रक्षोपायों पर विश्व व्यापार संगठन के अनुबंध के प्रावधानों के अधीन किसी भी प्रकार के रक्षोपाय शुल्क अधिरोपण से पूर्व वे यह अधिकार रखते हैं कि उनसे परामर्श लिया जाए ।

(ग) **यूरोपीय आयोग, नई दिल्ली**

(1) गैट (जी ए टी टी) 1994 के अनुच्छेद xix के अधीन भारत को रक्षोपाय संबंधी कार्यवाही करने की पात्रता है जो "उत्पाद विशेष के आयातों पर आपातकालीन कार्यवाही" तथा रक्षोपायों पर विश्व व्यापार संगठन अनुबंध को स्पष्ट करता है । ये प्रावधान विश्व व्यापार संगठन के देशों को आपातकालीन परिस्थितियों में रक्षोपाय कार्यवाही करने के लिए वहाँ अनुमत करते हैं जहां घरेलू उद्योग को एक विशिष्ट उत्पाद, के वर्धित आयातों से पहुंची गंभीर क्षति को अपवादात्मक उपायों से सुधारा जा सके । रक्षोपाय उपाय केवल वहीं लागू किए जाने चाहिए जहां और कोई उपाय उचित प्रतीत न होता हो । अन्यथा रक्षोपाय उपायों को लागू करने से व्यापार में गंभीर अशांति के खतरे, उल्लेखनीय व्यापार विपथन

और विश्व भर में सीमित व्यापार उपायों को प्रचुर मात्रा में खतरों की ओर ले जाएगा । उन परिस्थितियों में जहां आपातकालीन कार्यवाही की आवश्यकता न प्रतीत होती हो, भारतीय उद्योग को सामान्य और उचित आयात प्रतिस्पर्धा से बचाने के लिए रक्षोपाय उपायों को हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए अथवा नहीं किया जा सकता ।

(2) रक्षोपाय उपायों को केवल ऐसे उत्पाद के लिए लागू किया जाता है जो उत्पाद इतनी वर्धित मात्रा में और ऐसी परिस्थितियों में आयात किया जाता है जिससे उन घरेलू उद्योगों को जो उसी प्रकार के उत्पादों का उत्पादन करते है, अथवा प्रत्यक्षतया प्रतिस्पर्धात्मक उत्पादों का उत्पादन करते हैं, उसे गंभीर क्षति का खतरा पैदा करें । प्रारंभिक टिप्पणी के अनुसारँ आयोग ने यह पाया है कि भारतीय निष्कर्ष, कि मैथीलिन क्लोराइड के आयातों ने मैथीलिन क्लोराइड के घरेलू उत्पादकों को प्रथम दृष्टया गंभीर क्षति का खतरा पैदा किया है पूरी तरह से साबित नहीं करता । प्रारंभिक नोटिस में निहित अपर्याप्त सूचना और याचिका के गैर- गोपनीय कथन इस प्रकार के निष्कर्षों का समर्थन नहीं करते, विशेष कर विश्व व्यापार संगठन के रक्षोपाय अनुबन्ध के अनुच्छेद 4(1) (बी) के कठोर अपेक्षा के अनुसार, जो कहता है कि ""गंभीर क्षति के एक खतरे की विद्यमानता का निर्धारण तथ्यों के आधार पर होगा न कि केवल आरोपों, अटकलों अथवा दूरवर्ती संभावना के आधार पर ।

(3) रक्षोपाय उपायों को लागू करने के लिए, उनकी आपातकालीन प्रकृति को देखते हुए, आयातों में पर्याप्त अत्यधिक वृद्धि आवश्यक होती है । आयोग को संदेह है कि भारत द्वारा प्रस्तुत आयात आँकड़े इस प्रकार के किसी भी निष्कर्ष के लिए न्याय संगत है । वर्ष 1999-2000 के लिए 13,500 मी. टन के आँकड़े आवेदकों द्वारा प्रस्तुत एक आकलन है और वे किसी साक्ष्य अथवा विवरण द्वारा समर्थित नहीं हैं । कॉंडला पोर्ट ट्रस्ट द्वारा प्रस्तुत ऑकड़े (10.247 मी. टन) और अधिक असंगत हैं जो कि वास्तव में कम हैं । सही आँकड़े जो भी हों 1996-97 में 12,302 मी. टन की आयात मात्रा की तुलना निश्चित रूप से आयातों में तेज वृद्धि नहीं दर्शाती । यदि घरेलू उत्पादन की तुलना में आयातों की प्रतिशतता को लिया जाए (1996-97 में 79% से 1999-2000 में 59% तक की गिरावट) यह बताता है कि उसी अवधि के दौरान आयातों की तुलना में घरेलू उत्पादन में कहीं अधिक वृद्धि हुई है । जहाँ तक इस दावे का संबंध है कि विचाराधीन अवधि में आयात की कीमत पर्याप्त मात्रा में घट रही हैं, आयोग ने यह पाया कि यह रूख विश्व भर में प्रतिबिम्बित हो रहा है जिसने इस उत्पाद के सभी उत्पादकों को प्रभावित किया है । इसके अलावा थोक माल के रूप में, विशेषकर इसी उत्पाद के लिए, गिरावट का रूख बताया गया है । आयोग ने पाया है कि भारत को लगभग 25% ई सी के निर्यात ड्रमो में हैं जिनकी कीमते थोक मात्रा के माल से कहीं अधिक हैं ।

(4) रक्षोपायों पर विश्व व्यापार संगठन के अनुबन्ध में अपेक्षित है कि आयात से घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति पहुँचे अथवा गंभीर क्षति की आशंका हो । अनुबंध मे गंभीर क्षति की परिभाषा ""घरेलू उद्योग की स्थिति में पूर्णरूप से एक अर्थपूर्ण क्षति'' दी गई है । जॉच प्रारंभ करने की सूचना में यह प्रमाणित करने के लिए बहुत कम लिखा गया है कि क्षति गंभीर थी अथवा होगी । महानिदेशक (रक्षोपाय) का निष्कर्ष केवल दो विचारों पर आधारित है एक तो विश्व भर का एक रूख देखते हुए विचाराधीन अवधि में आयातों की कीमतों में गिरावट हुई और घरेलू उत्पादकों का बाजार शेयर 1997-98 और 1999-2000 के बीच 10% कम हो गया । फिर भी, इसी संदर्भ में ऐसा प्रतीत होता है कि सर्वेक्षण प्राधिकारी ने इस तथ्य की

अवहेलना की है कि इन उत्पादों के लिए भारतीय बाजार में पर्याप्त वृद्धि और साथ ही कथित अवधि के दौरान घरेलू उत्पादकों की क्षमता उपयोगिता में वृद्धि हुई है ।

(5) मैथीलिन क्लोराइड के आयातों में वृद्धि इस प्रकार से और ऐसी परिस्थितियों में नहीं हुई है कि घरेलू उत्पादकों को गंभीर क्षति का खतरा पैदा हो । वास्तव में, आयोग ने कहा है कि इस मामले में अनुच्छेद xix जी ए टी टी, 1994 और रक्षोपायों के लिए विश्व व्यापार संगठन के अनुबंध के अधीन पदार्थ की सभी आवश्यक परिस्थितियों और प्रक्रिया विद्यमान नहीं हैं । आयोग ने यह भी विचार किया है कि रक्षोपाय उपायों जैसा कि आवेदकों द्वारा अनुरोध किया गया है रक्षोपाय उपायों का अनंतिम अधिरोपण न्यायिक नहीं होगा क्योंकि रक्षोपाय अनुबंध के अनुच्छेद 6 में दी गई शर्तें पूरी नहीं होंती ।

(च) **निष्कर्ष**

1. (1) मैने इस मामले के दस्तावेतों और घरेलू उत्पादकों, प्रयोगकर्ता/आयातक, निर्यातक और निर्यात करने वाली सरकारों के जवाबों को ध्यानपूर्वक पढ़ा है । विभिन्न पक्षों द्वारा दिए गए जवाब और उनसे उठते प्रश्नों को नीचे निष्कर्षो में उचित स्थान पर डील किया गया है:-

(2) यद्यपि अन्य मुद्दों पर चर्चा करने से पहले एस आर एफ द्वारा दी गई सूचना से संबंधित प्रारंभिक मुद्दे पर ध्यान देना आवश्यक है । कुछ पक्षों द्वारा यह दावा किया गया है कि आवेदन में अन्य घरेलू उत्पादकों को सम्मिलित करने का और जॉच शुरू होने के बाद उनके द्वारा दी गई सूचना को स्वीकृत करने का कोई प्रावधान नहीं है । इस विषय में उन्होंने जाँच शुरू करने से संबंधित रक्षोपाय शुल्क नियमावली की ओर ध्यान आकृष्ट किया है जो अपेक्षा करती है कि महानिदेशक आवेदन में प्रस्तुत साक्ष्य की यथार्थता और पर्याप्तता तथा नियम 6 और 7 इत्यादि में निहित प्रक्रिया का भी परीक्षण करेंगे ।

(3) इस मुद्दे पर उचित रूप से विचार करने के लिए रक्षोपाय शुल्क नियमावली में जैसा कि दिया गया है, जांच की सम्पूर्ण प्रक्रिया पर विचार करना आवश्यक होगा । रक्षोपाय शुल्क नियमावली (एस जी डी नियमावली) का नियम 5 जो जांच प्रारंभ करने से संबंधित है, में उपबंधित है कि,

"जैसा कि उपनियम (4) में उपबंधित है, के अलावा महानिदेशक सदृश वस्तु अथवा स्पष्टतया प्रतिस्पर्धी वस्तु के घरेलू उत्पादकों अथवा उनकी ओर से लिखित आवेदन प्राप्त होने पर यह निर्धारित करने के लिए कि एक वस्तु के इतनी अधिक मात्रा में, असीम अथवा घरेलू उत्पाद की तुलना में अधिक आयात होने से घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति अथवा गंभीर क्षति की आशंका की विद्यमानता को आँकने के लिए जाँच प्रारम्भ करेंगे"।

(4) शब्द "घरेलू उद्योग" सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 8बी में निम्नलिखित रूप से परिभाषित किया गया है ।

"घरेलू उद्योग" का अर्थ है कि (1) एक सम्पूर्ण रूप से सदृश वस्तु अथवा भारत में स्पष्टतया प्रतिस्पर्धी वस्तु (2) जिसकी भारत में सदृश वस्तु अथवा स्पष्टतया प्रतिस्पर्धी वस्तु का सामूहिक उत्पादन भारत में कथित वस्तु के कुल उत्पादन का मुख्य भाग संघटित करता हो ।

(5) नियम 5 के अधीन महानिदेशक से यह अपेक्षा की जाती है कि आवेदन में दिए गए साक्ष्य की यथार्थता, पर्याप्तता का परीक्षण करें । नियम 6 में वे सिद्धांत दिए गए हैं जो जाँच को अधिशासित करते हैं।

(6) इस प्रकार आवेदन में घरेलू उद्योग द्वारा अथवा उनकी ओर से प्रस्तुत सूचना की यथार्थता और पर्याप्तता के परीक्षण के बाद जाँच प्रारंभ की जानी चाहिए । यह आवश्यक नही है कि आवेदन सभी घरेलू उत्पादकों द्वारा दायर की जानी चाहिए अथवा जिन उत्पादकों ने पहले आवेदन में भाग नहीं लिया बाद में अपनी स्थिति नहीं बता सकते । जाँच सूचना से अन्वेषण प्रक्रिया प्रारम्भ होती है जाँच की सूचना का एक उद्देश्य यह है कि सभी इच्छुक पक्षों को सूचना दी जाए । यहाँ तक कि जो पक्ष आवेदन में अभिज्ञानित नहीं हैं वे जाँच प्रारंभ होने के पश्चात् भी उत्तर दे सकते है और भाग ले सकते हैं । अतः इसमें कोई गलत बात नहीं है कि एस आर एफ ने 23 अक्तूबर, 2000 को घरेलू उत्पादकों को समर्थन देकर जाँच में भाग लिया । यद्यपि स्वाभाविक न्याय यह अपेक्षा करता है कि उनके द्वारा दायर किए गए उत्तर उनको न तो कोई अनुचित लाभ दे और न ही अन्य पक्षों के हितों को क्षति पहुँचाएं । यह सुनिश्चित करने के लिए ही सार्वजनिक सुनवाई के समय विशेषकर एस आर एफ को 13 नवम्बर, 2000 तक उनकी प्रश्नावली के उत्तर और अन्य पक्षों को 27 नवम्बर, 2000 तक उन पर टिप्पणी की अनुमति दी गई थी । इसके अलावा यह सुनिश्चित किया गया है कि इस जाँच में केवल ऐसी सूचना पर विश्वास किया जाए जो संवीक्षा की परीक्षा में खरी उतरे । एस आर एफ द्वारा प्रस्तुत सूचना जो उपरोक्त अपेक्षाओं को पूरा नही करती अथवा जो सत्यापित नहीं की जा सकती जैसे कि उनकी उत्पादन की लागत वर्तमान जाँच में नहीं ली गई । इस बात को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित निष्कर्ष नीचे जाते है :-

2. जाँच के अधीन उत्पाद

(1) जाँच के अधीन उत्पाद मैथीलिन क्लोराइड है जो क्लोरोमीथेन परिवार के विलायकों में से एक विलायक से संबंधित है । विलायकों में से दो अन्य उत्पाद क्लोरोफार्म और कार्बन टैट्राक्लोराइड है । मैथीलिन क्लोराइड एक क्लोरोफार्म जैसी गन्ध वाला रंगहीन वाष्पशील द्रव है । डाईक्लोरो मीथेन के नाम से भी जाना जाता है और इसका केमिकल फार्मूला सीएच2सी12 है ।

(2) क्लोरोमीथेन्स उत्पादन के लिए मुख्यतः दो माध्यम है अर्थात् मीथेन प्रयुक्त करके या मेथानाल को मूल कच्चे माल के रूप में प्रयुक्त करके । मीथेन आधारित प्रक्रिया में मीथेन का थर्मल क्लोरिनेशन प्रयुक्त होता है । क्लोरोमीथेन्स के विनिर्माण में रोशनी या एक उत्प्रेरक की उपस्थिति में क्लोरीन और मीथेन के जो कि वास्तविक गैस संघटक है, बीच प्रक्रिया बहुत महत्वपूर्ण है । प्रक्रिया प्राचलनो के समायोजन पर आधारित, पूर्व अधाशासित उत्पाद मेथाइल क्लोराइड है जो कि मेथीलिन क्लोराइड प्राप्त करने के लिए क्लोरीनेशन द्वारा पुनः चक्र किया जाता है । इस प्रक्रिया में अनुपातिक रूप से कम मात्रा में क्लोरोफार्म और कार्बन टेट्राक्लोराइड प्राप्त किया जाता है । मीथेन को क्लोरीन के साथ आर्क लैम्प लगे रिएक्टर में अधिक वायुमण्डलीय दवाब और रेसिडैंस नियंत्रित समय पर मिलाया जाता है जिससे क्लोरिन पूर्ण रूप से प्रयुक्त हो जाये । द्वितीय क्लोरीनेशन रोशनी उत्प्रेरक रिएक्टर में परिवेशी तापमान पर होता है जो कि मेथीलिन क्लोराइड को क्लोरोफार्म में परिवर्तित कर देता है और अन्य रिएक्टर में क्लोरोफार्म उसी प्रकार कार्बन टेट्राक्लोराइड में परिवर्तित हो जाता है ।

(3) मेथानाल रूट में हाइड्रोजन क्नोराइड के साथ मेथानल की हाइड्रोक्लोरीनेशन द्वारा प्रतिक्रिया के प्रथम चरण में मेथाइल क्लोराइड उत्पादित होता है । प्रक्रिया के दूसरे चरण में सभी चारों उत्पादों यथा अप्रतिकारी मेथाइल क्लोराइड, मेथीलिन क्लोराइड, क्लोरोफार्म और कार्बन टेट्राक्लोराइड के मिश्रण को उत्पादित करने के लिए या तो थर्मल क्लोरीनेशन या मेथाइल क्लोराइड का फोटो क्लोरीनेशन शामिल है । उपरोक्त उत्पाद बाद में अलग किए जाते है और अनुप्रवाह टावर्स में शुद्ध किए जाते है ।

(4) जी ए सी एल मेथीलिन क्लोराइड का उत्पादन मीथेन रूट का प्रयोग करके करते है जबकि केम्प्लास्ट और एस आर एफ दोनों मेथीलिन क्लोराइड उत्पादित करने हेतु मेथानाल रूट का प्रयोग करते है ।

(5) मेथीलिन क्लोराइड का प्रयोग फोटो फिल्म, बल्क ड्रग्स और औषधि उद्योग में होता है । मेथीलिन क्लोराइड का प्रयोग फोम के विनिर्माण, रेसिन ढलाई, फ्यूमिगैटंस और कृषि रसायन में भी होता है ।

(6) मेथीलिन क्लोराइड को सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की प्रथम अनुसूची के शीर्ष 2903.12 के अधीन एवं हार्मोनाइज्ड कामोडिटी विवरण और कोडिंग प्रणाली पर आधारित भारतीय व्यापार वर्गीकरण के 29031200 के अधीन वर्गीकृत किया गया है । तथापि उपरोक्त वर्गीकरण सुविधा के उद्देश्य से दिया गया है और जाँच के अधीन उत्पाद के विस्तार क्षेत्र को सीमित नहीं करता ।

(7) घरेलू रूप से उत्पादित मैथीलिन क्लोराइड आयातित मैथीलिन क्लोराइड के जैसा होने के बारे में कोई विवाद नहीं हैं ।

3. घरेलू उद्योग

(1) मैथीलिन क्लोराइड के तीन घरेलू उत्पादक हैं यथा (क) जी ए सी एल (ख) कैम्प्लास्ट (ग) एस आर एफ ।

(2) जी ए सी एल की, स्थापित क्षमता 8910 मी.टन प्रति वर्ष मैथीलिन क्लोराइड का उत्पादन करने के साथ 21120 मी०टन प्रतिवर्ष की क्लोरोमीथेन का उत्पादन करने की है । 1996-97 तक कैम्प्लास्ट की मैथीलिन क्लोराइड का उत्पादन करने के लिए 6000 मी.टन प्रतिवर्ष की स्थापित क्षमता थी जो क्लोरोमीथेन की कुल 30,000 मी.टन प्रतिवर्ष की क्षमता में से 1997-98 में 13500 मी.टन प्रतिवर्ष तक बढ़ा दी गई है । जहाँ तक एस आर एफ का संबंध है जिसने केवल 1997-98 में ही मैथीलिन क्लोराइड का विनिर्माण शुरू किया है, आवेदकों ने दावा किया है कि क्लोरोमीथेन की कुल 21,000 मी. टन प्रतिवर्ष की क्षमता में से एस आर एफ की 4800 मी.टन प्रतिवर्ष मैथीलिन क्लोराइड का उत्पादन करने की स्थापित क्षमता है । यद्यपि उन्होंने दिनांक 9 नवम्बर, 2000 के अपने पत्र में अपने डिज़ाइन के अनुसार अपनी क्लोरोमीथेन की 18500 मी.टन प्रतिवर्ष की स्थापित क्षमता दी है जिससे वे 55% तक मैथीलिन क्लोराइड का उत्पादन कर सकते हैं अर्थात् उनकी मैथीलिन क्लोराइड की 10,175 मी.टन प्रति वर्ष की उत्पादन क्षमता है ।

(3) 1999-2000 में जी ए सी एल, कैम्पलास्ट और एस आर एफ ने मैथीलिन क्लोराइड का क्रमशः 8721 मी.टन, 14151 मी.टन और 3266 मी.टन का उत्पादन किया ।

(4) मैथीलिन क्लोराइड के आयात पर रक्षोपाय शुल्क अधिरोपण का आवेदन जी ए सी एल और कैम्पलास्ट द्वारा दायर किया गया था । उस समय एस आर एफ ने अपनी स्थिति का खुलासा नहीं किया था । हालाँकि बाद में एस आर एफ ने अपने दिनांक 23-10-2000 के पत्र के द्वारा आवेदकों को समर्थन देने की इच्छा प्रकट की । 7-11-2000 को सार्वजनिक सुनवाई के दौरान एस आर एफ को घरेलू उत्पादकों के लिए प्रश्नावली का जवाब देने के लिए कहा गया था जो उन्होंने 13-11-2000 तक प्रस्तुत कर दिया गया था ।

(5) इस प्रकार यह मान लिया गया है कि मैथीलिन क्लोराइड पर रक्षोपाय शुल्क अधिरोपण का अनुरोध घरेलू उद्योग द्वारा किया गया है जिसमें कि सभी तीनों घरेलू उत्पादक शामिल हैं ।

वर्धित आयात

(1) भारत में मैथीलिन क्लोराइड का आयात बैल्जियम, ब्राजील, पी.आर. चीन, चीनी ताइपे, फ्रांस, जर्मनी, हाँगकाँग, हंगरी, इजराइल, इटली, जापान, नीदरलैंड, रूस, स्पेन, स्विटजरलैंड, यू.के. तथा अमरीका से किया जाता है ।

(2) 1994-95 में मैथीलिन क्लोराइड पर आयात शुल्क (मूल सीमा शुल्क + अधिभार यदि कोई हो) 65% था जो बाद में 1995-96 में 50% , 1996-97 में 40% और 1-3-1999 को 38.5% तक बढ़ाने से पहले 1997-98 में 35% तक कम कर दिया गया था । 1995-96 के बाद बिना किसी मात्रात्मक प्रतिबन्ध के भारत में आयात की अनुमति दी गई थी ।

(3) 1997-99 की अवधि के दौरान मैथीलिन क्लोराइड की सी.आई.एफ कीमतें तथा उसी अवधि में क्लोरीन और मैथानोल की कीमतें निम्न प्रकार से थी :-

सारिणी-I

(कीमतें अमरीकी डालर में प्रति मी.टन)

वर्ष	1997				1998				1999			
	क्यू।	क्यू2	क्यू3	क्यू4	क्यू।	क्यू2	क्यू3	क्यू4	क्यू।	क्यू2	क्यू3	क्यू4
मैथीलिन क्लोराइड	678	625	608	661	612	590	518	521	465	386	331	317
क्लोरीन	135.3	167.9	139.5	160.2	141.1	93.58	71.66	28.4	39.03	63.56	139	209.2
मैथानोल	241	211	196	179	118	102	98	98	98	124	124	105

उपरोक्त सारिणी से यह देखा गया कि जब 1997 की पहली तिमाही से 1998 की चौथी तिमाही तक की अवधि के दौरान दोनों कच्चे माल की कीमतें गिरी उसके पश्चात् उन्होंने तेजी का रूख दर्शाया । तदंतर 1999 की चौथी तिमाही तक प्रत्येक तिमाही में क्लोरीन की कीमतें बढ़ी और मैथानोल की कीमतें भी 1998 की चौथी तिमाही की कीमतों की तुलना में ऊँची रहीं । इसके अलावा मैथीलिन क्लोराइड की कीमतें 1997 की पहली तिमाही से 1998 की चौथी तिमाही तक की अवधि के दौरान कच्चे माल की गिरती हुई कीमतों के अनुसार रही लेकिन उसके बाद कच्चे माल की बढ़ती हुई कीमतों के रूख में भी उसकी कीमतें नहीं बढ़ी । बदले में मैथीलिन क्लोराइड की सी आई एफ कीमतें 1998 की चौथी तिमाही से 1999 की चौथी तिमाही तक की अवधि के दौरान 521 अमरीकी डालर प्रति मी.टन से 317 अमरीकी डालर प्रति मी.टन तक के स्तर तक तेजी से गिरी ।

(4) भारत में मैथीलिन क्लोराइड का आयात 1995-96 में 10776 मी.टन, 1996-97 में 12032 मी.टन, 1997-98 में 7390 मी.टन तथा 1998-99 में 9296 मी.टन था । 1999-2000 के विषय में, आकलन के आधार पर आवेदकों ने 13500 मी.टन के आयात का दावा किया है । उन्होंने कहा है कि 1999-2000 के आँकड़े सार्वजनिक क्षेत्र के पास उपलब्ध नहीं थे । उनके अनुसार 1998-99 में कुल 9269 मी.टन आयात में से 6760 मी.टन काँडला पोर्ट से आयात किया गया जो कि देश में मैथीलिन क्लोराइड के कुल आयातों का 72.93% है । 1999-2000 में काँडला पोर्ट से मैथीलिन क्लोराइड का 10247 मी.टन आयात हुआ । कुल मैथीलिन क्लोराइड में से काँडला के जरिए आयातित 73% के उसी अनुपात को मानते हुए 1999-2000 में मैथीलिन क्लोराइड का लगभग 14050 मी.टन का आयात हुआ । हाँलाकि आवेदकों ने 1999-2000 के दौरान 13500 मी.टन मैथीलिन क्लोराइड के आयात का दावा किया है ।

(5) विभिन्न पक्षों ने, जैसा कि आवेदकों का अनुमान है, 1999-2000 में मैथीलिन क्लोराइड के आयातों की मात्रा के बारे में प्रश्न किए है । इस विषय में यह पाया गया कि काँडला पोर्ट ट्रस्ट प्राधिकारियों ने यह पुष्टि की है कि 1999-2000 में काँडला पोर्ट के जरिए 10247 मी.टन मैथीलिन क्लोराइड का आयात हुआ । एटोफिना ने 1999-2000 में 1727 मी.टन के आयात की पुष्टि की है और 1999-2000 में अन्य 800-1000 मी.टन मैथीलिन क्लोराइड ड्रमों में आयात किया । इस प्रकार एटोफिना ने 13500 मी.टन की जगह 12774 मी.टन के कुल आयात का दावा किया है । फिर भी आयात के आँकड़े डी जी सी आई एस तथा सीमाशुल्क प्राधिकारियों से सत्यापित करवाए गए । उनसे प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार 1999-2000 के दौरान पूरे देश में आयात निम्नानुसार थे:-

सारिणी-2

देश का नाम	**मात्रा (मी.टन)**
चीनी ताइपे	40.248
पी.आर.चीन	20.124
डैनमार्क	5.5

फ्रांस	1727 (जैसा कि एटोफिना ने पुष्टि की है)
जर्मनी	4730.896
हाँगकाँग	20.124
नीदरलैण्ड	1763.247
साऊथ अफ्रीका	25.378
यू.के.	5238.477
अमरीका	100
कुल	13670.994

उपरोक्त आँकड़ों के आधार पर यह पाया गया कि 1999-2000 में कुल 13670.994 मी.टन का आयात हुआ ।

(6) नीचे सारिणी 1995-96 से 1999-2000 की अवधि के मैथीलिन क्लोराइड के घरेलू उत्पादन और आयातों के आँकड़े दर्शा रही है:-

सारिणी -3

वर्ष में	घरेलू उत्पादन (मी.टन)	आयात (मी.टन)	घरेलू उत्पादन की तुलना आयातों का प्रतिशत
1995-96	16340	10776	65.95
1996-97	15588	12302	78.92
1997-98	19111	7390	38.67
1998-99	25091	9269	36.94
1999-2000	26138	13671	52.30

उपरोक्त सारिणीबद्ध आँकड़ों से यह पाया गया कि जो आयात 1995-96 में 10776 मी.टन था, बढ़कर 1996-97 में 12302 मी.टन हो गया । बाद में 1997-98 में 7390 मी.टन तक कम हो गया लेकिन उसके पश्चात् इसमें 1998-99 में 9269 मी.टन और 1999-2000 में 13671 मी.टन तक वृद्धि हो गई । इस प्रकार भारत में मैथीलिन क्लोराइड का आयात वर्ष 1995-96 में 10776 मी.टन से बढ़कर 1999-2000 में 13671 मी.टन हो गया । तथापि घरेलू उत्पादन की तुलना में 1995-96 में आयात लगभग 66% था जो 1998-99 में 37% तक घट गया लेकिन बाद में 1999-2000 में 52.30% तक बढ़ गया ।

(7) विभिन्न पक्षों द्वारा यह तर्क प्रस्तुत किया गया है कि 1995-96 से 1999-2000 के दौरान भारत में मैथीलिन क्लोराइड के आयातों को कानूनन वर्धित आयातों की आवश्यकता नहीं समझा जा सकता । वर्धित आयातों के बारे में यह भी तर्क दिया गया है कि आयातों में वृद्धि को, अर्जेन्टीना फुट वियर केस में, डब्ल्यू टी ओ पैनल रिपोर्ट को ध्यान में रख कर, समझना चाहिए । इस केस में पैनल ने पाया :

"हमें विश्वास है कि निर्धारण में चाहे आयात में एक end point to end point वृद्धि अनुच्छेद 2.1 में वर्धित आयातों की आवश्यकताओं को पूरा करता है, end point के रूप में प्रयोग किए गए विशिष्ट वर्षो की तुलना की संवेदनशीलता महत्वपूर्ण है क्योंकि यह स्पष्ट मूल निष्कर्ष की पुष्टि अथवा उलट सकता है । यदि अन्वेषण के आदि और अन्त को केवल एक वर्ष के लिए बदल दिया जाए तो उसका अर्थ होगा कि तुलना के लिए आयातों में वृद्धि की बजाय गिरावट दर्शाती है जो आवश्यक रूप से आयातों में वृद्धि की बजाय एक मध्यवर्ती गिरावट इंगित करती है और इस प्रकार निष्कर्ष यह निकलता है कि आयातों में वृद्धि हुई है ।"

"यदि आयातों में वृद्धि वास्तव में विद्यमान है तो यह end to end point तुलना और उस दौरान अन्तःस्थ विश्लेषण में साक्ष्य होना चाहिए । इस प्रकार दो विश्लेषणों को आपस में सबल होना चाहिए ।"

"अनुबंध स्पष्ट है कि निश्चित रूप से तथा घरेलू उत्पादन (मात्रा में) से संबंधित दोनों तरह से ये आयातों के आँकड़े हैं जो इस विषय में संगत है और अनुबंध आयातों को ""इस प्रकार की वर्धित मात्राओं" का संदर्भ देता है । अतः हमारा मूल्यांकन आयात मात्राओं के आँकड़ों पर आधारित होगा ।

(8) कानून के अधीन अपेक्षाओं के विषय में यह देखा गया है कि सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 8बी सरकार को किसी भी ऐसी वस्तु पर रक्षोपाय शुल्क अधिरोपण के लिए अधिकार देती है जिसके लिए यदि वह सन्तुष्ट हो जाए कि उस वस्तु के भारत में इतनी अधिक मात्रा में और उन परिस्थितियों में आयात किया गया है जिससे घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति हो अथवा आशंका हो । और फिर आयातों में वृद्धि के लिए ""वर्धित मात्रा" को सीमा शुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान और निर्धारण) नियमावली, 1997 के अधीन परिभाषित किया गया है चाहे वह वास्तविक रूप से अथवा घरेलू उत्पादन से संबंधित हो । वर्तमान मामले में एक end-point to end point आधार पर इसमें कोई शक नहीं है कि आयातों में गत वर्षो की तुलना में वृद्धि हुई । आयातों में वृद्धि का रूख केवल 1997-98 में पलट गया था जब यह 12302 मी.टन से 7390 मी.टन तक गिर गया था । तथापि इस अवधि के दौरान एक अर्थपूर्ण प्रगति हुई जो वर्धित आयातों के विश्लेषण के लिए महत्वपूर्ण है । यह प्रगति घरेलू उत्पादकों की 1996-97 तक 14910 मी.टन की उत्पादन क्षमता से संबंधित है लेकिन केमप्लास्ट की 30,000 मी.टन प्रतिवर्ष की क्लोरोमीथेन्स की उत्पादन क्षमता के विस्तार और 1997-98 में एस आर एफ के द्वारा मैथीलिन क्लोराइड की कुल 14500 मी.टन प्रतिवर्ष की क्षमता की विनिर्माण की सुविधा स्थापित होने के कारण उनके मैथीलिन क्लोराइड की क्षमता में 6000 मी.टन से 13500 मी.टन प्रति वर्ष तक बढ़ोतरी हुई । इन परिस्थितियों के कारण 1997-98 में घरेलू उद्योग की मैथीलिन क्लोराइड की उत्पादन करने की क्षमता (14500 का 22410+55%) 30,385 मी.टन प्रतिवर्ष थी । ऐसा प्रतीत होता है कि इस परिस्थिति के कारण 1997-98 में आयातों में तेजी से गिरावट हुई । इसलिए वर्तमान मामले में आयातों का रूख विशेषकर 1997-98 से 1999-2000 तक की अवधि के लिए घरेलू उद्योग की वर्तमान स्थिति के विषय में अधिक वास्तविक प्रतीत होती है ।

(9) 1997-98 से 1999-2000 तक की अवधि के दौरान भारत में मैथीलिन क्लोराइड के आयातों में वृद्धि हुई ये 1997-98 में 7390 मी.टन से 1998-99 में 9269 मी.टन और 1999-2000 में 13671 मी.टन तक की वृद्धि हुई । इस अवधि के दौरान घरेलू उत्पादन की तुलना में आयात क्रमशः 38.67%, 36.94% तथा 52.30% तक रहा । अतः भारत में मैथीलिन क्लोराइड के आयात में स्थिर रूप से और घरेलू उत्पादन की तुलना, दोनों तरह से वृद्धि हुई ।

(10) कुछ पक्षों द्वारा यह भी तर्क दिया गया है कि यह मूल्यांकन करना आवश्यक है कि क्या वृद्धि अन-देखे घटनाचक्र के परिणामस्वरूप है और क्या गैट के अधीन भारत द्वारा लगाई गई बाध्यताओं के प्रभाव के कारण है । "अनदेखे घटनाचक्र के परिणास्वरूप'' के संदर्भ में हैटर्स फर केस की ओर भी ध्यान दिलाया गया है जिसमें इस मद को कार्यरत पक्ष द्वारा निम्नानुसार व्याख्या की गई थी :-

'अनदेखे घटनाचक्र' शब्दों की व्याख्या संगत टैरिफ छूट की बातचीत के पश्चात होने वाले मुख्य घटनाचक्र से है जो कि यह उम्मीद करने के लिए उचित नही होगा कि छूट देने वाले देशों के वार्ता-कारों ने, उस समय जब छूट के बारे में बात की गई, इन अवस्थाओं को देखा था, या उन्हें देखना चाहिए था ।

मद 'अनदेखे घटनाचक्र' शब्दों के संबंध में अर्जेन्टीना फुटवियर और कोरियन डेयरी प्राड-क्टस, दोनों के मामले में अपीलीय अधिकारी ने महसूस किया है कि :-

''अनदेखे घटनाचक्र के कारण और अनुच्छेद XIX के उपपैराग्राफ (क) में इस समझौते के अधीन सदस्य द्वारा लगाए गए प्रतिबन्धो के परिणामस्वरूप, जिसमें कि मूल्य छूट भी शामिल है'' मद के अर्थ को निर्धारित करने के लिए हमें अनुच्छेद XIX के प्रयोजनों और उद्देश्यों की रोशनी में और उनके संदर्भ में हमे इन शब्दों का उनके सामान्य अर्थ में परीक्षण करना चाहिए । पहले हम इन शब्दों का सामान्य अर्थ देखते है "अनदेखे घटनाचक्र'' के अर्थानुसार हम नोट करते है कि "अनदेखे'' का शब्दकोषीय अर्थ विशेषतया जैसा कि यह शब्द घटनाचक्र से संबंधित है "अप्रत्याशित' न देखा जा सकने वाला के साथ पर्या-यवाची है । दूसरी ओर शब्दों में व्याख्या दी है अकाल्पनिक या देखे जा सकने वाले या कहे जाने वाले या प्रत्याशित हो (अवधारणा शामिल) इस प्रकार हमें दिखाई देता है कि ''आकस्मिक घटनाचक्र'' के परिणा-मस्वरूप वाक्य के सामान्य अर्थ की अपेक्षा है कि घटनाचक्र जिनके कारण, इतनी वर्धित मात्रा में और इस प्रकार की अवस्थाओं के अधीन एक उत्पाद का आयात किया जा रहा है कि इससे घरेलू उत्पादकों को गंभीर क्षति हुई है या इसकी आशंका है, अप्रत्याशित होने चाहिए । वाक्यांश इस समझौते के अधीन किसी देश द्वारा उपगत बाध्यताओं के प्रभाव से, जिसमें टैरिफ छूट शामिल है'' के संबंध में हमे विश्वास है कि इस वाक्यांश का साधारण अर्थ है कि तथ्य की बात की तरह इसका प्रदर्शन किया जाना चाहिए कि आयातक सदस्य द्वारा गैट 1994 के अधीन बाध्यताएँ उपगत है, जिसमें टैरिफ छूट शामिल है (अवधारणा जोड़ी गई है) यहाँ हम नोट करते है कि गैट 1994 के साथ संलग्न अनुसूचियों को गैट 1994 के अनुच्छेद II के पैराग्राफ 7 के अनुसार इस समझौते के भाग -I का आवश्यक हिस्सा बनाया है । इसीलिए किसी सदस्य की अनुसूची में कोई छूट या प्रतिबद्धता गैट 1994 के अनुच्छेद-II में बाध्यताओं के अधीन है ।

अपीलीय अधिकारी ने आकस्मिक और न देखे जाने योग्य के बीच विभेद किया है । उन्होंने आकस्मिक घटनाचक्र को अप्रत्याशित घटनाचक्र का पर्यायवाची माना है । वाक्यांश जो कि यह आशा करने के विचारणीय नही होगा कि छूट देने वाले देश के समझौताकारों को, जब छूट के बारे में समझौता किया गया था, के समय प्रत्याशित था, तथापि अलग मानक स्थापित करता प्रतीत होता है जो न देखे जाने योग्य के क्षेत्र में ज्यादा दिखाई देता है जिसका कि अपीलीय अधिकारी ने आकस्मिक विभेद कर दिया है ।

